# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

**(ग्यारहवां सत्र)**

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## मंगलवार, 5 अप्रैल, 2016/16 चैत्र, 1938 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 48**

----

### पुलिस अधिनियम

***3191 श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में पुलिस अधिनियम, 2007 लागू कर दिया गया है; यदि हां, तो कब;

(ख) इसके अन्तर्गत क्या पुलिस विभाग के कर्मचारियों को दण्ड/सजाएं दी जा रही हैं ;

(ग) यदि हां, तो क्या इस कानून के अन्तर्गत मिलने वाले लाभ भी इन कर्मचारियों को दिये जा रहे हैं; और

(घ) यदि नहीं, तो ब्यौरा कारण सहित दें ?

----

### खाद्य सामग्री की खरीद

***3192 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में 31-01-2016 तक कितनी-कितनी मात्रा में खाद्य सामग्री किन-किन एजैंसियों से क्रय की गई; ब्यौरा दर सहित दें;

(ख) प्रदेश में कितने राशन प्राप्त करने वाले उपभोक्ता हैं व प्रत्येक व्यक्ति को कितनी-कितनी मात्रा में कौन-कौन सी खाद्य सामग्री प्रतिमाह दी जाती है;

(ग) इस अवधि में खाद्य सामग्री के कितने सैंपल फेल हुए; ब्यौरा वर्षवार जिलाशः दें; और

(घ) कितनी खाद्य सामग्री दो रूपये और तीन रूपये में किन-किन पात्र व्यक्तियों को वर्षवार बांटी गई; ब्यौरा दें ?

----

## पदोन्नति नियम में संशोधन

***3193 श्री संजय रतन (ज्वालामुखी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार के विभिन्न विभागों में लिपिक से कनिष्ठ सहायक व कनिष्ठ सहायक से वरिष्ठ सहायक की पदोन्नति हेतु नियमों में क्रमशः 5 वर्ष व 10 वर्ष की समय सीमा निर्धारित की गई है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार क्या विभिन्न विभागों में रिक्त पदों के दृष्टिगत कनिष्ठ सहायक व वरिष्ठ सहायक की पदोन्नति हेतु समय सीमा घटाकर 3 वर्ष व 7 वर्ष करने का विचार रखती है; ब्यौरा सभा पटल पर रखें ?

----

## ट्रांसफार्मर की स्थापना

***3194 डॉ0 राजीव सैजल (कसौली):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि वर्ष 2015-16 के दौरान ग्राम पंचायत चामत बड़ेच के गांव धार में ट्रांसफार्मर स्थापित किया जाना था तथा स्पाटू लाइन से जोड़ा जाना प्रस्तावित था;

(ख) यदि हां, तो दिनांक 31.01.2016 तक न जोड़ने के क्या कारण हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार इसे कब तक जोड़ने का विचार रखती है?

----

## सड़क निर्माण

***3195 श्री रविन्द्र सिंह(देहरा) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) देहरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की कितनी व कौन सी निर्माणाधीन सड़कें जो नाबार्ड, पी0एम0जी0एस0वाई या राज्य योजना के अन्तर्गत स्वीकृत हुई हैं, परन्तु FCA Clearance हेतु लम्बित हैं; ब्यौरा दें;

(ख) इन सड़कों के निर्माण हेतु कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा इनकी कितनी-कितनी लम्बाई हैं; और इन्हें कब तक पूर्ण करने की योजना है; ब्यौरा दें; और

(ग) गुलेर-नन्दपुर-वरयाल-नगरोटा सूरियां सड़क की निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## बस रूट

***3196 श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में जिला हमीरपुर के अन्तर्गत कितने पुराने बस रूटों को बन्द किया गया; ब्यौरा बन्द किए गए रूटों का कारणों सहित दें?

----

## लम्बित सड़कें

***3197 श्रीमती सरवीन चौधरी (शाहपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में शाहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की कितनी सड़कें वन विभाग के पास अनापत्ति प्रमाण-पत्र हेतु लम्बित हैं; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) इनकी अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें ?

----

## पॉलिटेक्निक कॉलेज अम्बोटा

***3198 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गगरेट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत डॉ0 बी0 आर0 अम्बेदकर पॉलिटेक्निक कॉलेज अम्बोटा कब शुरू हुआ और इसके नाम कितनी भूमि है; और

(ख) सरकार क्या इसे तकनीकी महाविद्यालय बनाने का विचार रखती है ?

----

## उतराला-होली सड़क

***3199 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार द्वारा उतराला-होली सड़क का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा; ब्यौरा दें?

----

## पन विद्युत परियोजना चूला

***3200 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में ब्यास वैली पावर कॉर्पोरेशन लिमिटिड द्वारा निर्माणाधीन पन विद्युत परियोजना चूला (जोगिन्द्रनगर) के कितने कार्यों हेतु टैंडर किए गए; ब्यौरा कार्य, राशि व ठेकेदारों के नाम-पते सहित दें ?

----

## भवन निर्माण

***3201 श्री कुलदीप कुमार (चिन्तपुरनी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि जिला ऊना में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दियाड़ा का भवन R.M.S.A के अन्तर्गत निर्मित किया जा रहा है; और

(ख) यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा?

----

## खाद्य आपूर्ति के गोदाम

***3202 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के कितने गोदाम हैं; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) इन गोदामों की स्थिति क्या संतोषजनक है; यदि नहीं, तो कारण तथा इनके रख-रखाव हेतु क्या पग उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें ?

----

## बस रूट

*3203 **श्री राम कुमार(दून) :**
**श्री कृष्ण लाल ठाकुर(नालागढ़) :**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में हिमाचल पथ परिवहन निगम के नालागढ़ डिपो में कितनी बसें हैं; ये बसें किस-किस रूट पर चल रही हैं; ब्यौरा दें;

(ख) यह सत्य है कि इस डिपो में बसें चलाने हेतु चालक व परिचालकों की संख्या पर्याप्त है; यदि नहीं, तो इनकी तैनाती कब तक कर दी जाएगी;

(ग) कितनी नई निर्मित सड़कें ऐसी हैं जिन पर बसें चलाई जानी प्रस्तावित है; ब्यौरा दें; और

(घ) सरकार इन सड़कों पर कब तक बसें चलाने का विचार रखती है?

----

## सड़क निर्माण

*3204 **श्री यादविन्द्र गोमा(जयसिंहपुर) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में जयसिंहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कौन-कौन सी सड़कें PMGSY फेज 1 और फेज 2 तथा अन्य मद में स्वीकृत हुई हैं;

(ख) इन सड़कों के लिए कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; और

(ग) इनमें से किस-किस सड़क का कार्य शुरू हो चुका है; ब्यौरा दें?

----

## विद्युत सुविधा

*3205 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि ग्राम पंचायत जाणा में जाणा से आशणी तक के लग-भग 25 परिवार बिजली की आपूर्ति से वंचित हैं; और

(ख) यदि हां, तो सरकार कब तक इन परिवारों को बिजली की सुविधा प्रदान करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## पदोन्नति हेतु छूट

***3206 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत एक वर्ष में शिक्षा विभाग द्वारा कार्यरत कनिष्ठ बुनियादी अध्यापकों में से कितने अध्यापक विज्ञान स्नातक और कला स्नातक पदोन्नत किए गए; ब्यौरा दें; और

(ख) यह सत्य है कि जो कनिष्ठ बुनियादी अध्यापक विज्ञान स्नातक पदोन्नत हुए उन्हें टैट परीक्षा में छूट दी गई है; यदि हां, तो कला स्नातक पदोन्नत होने हेतु छूट न देने के क्या कारण हैं ?

----

## Latest Position of Project

***3207 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that 48 megawatt Sundla Surgani HEP has been allotted to HPPCCL for execution; and

(b) if yes, what is the latest position of this project?

----

## डिस्पोज हेतु नीति

***3208 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने खराब Electronic सामान जैसे सी0एफ0एल0, मोबाईल बैटरियाँ, मोबाईल फोन और टी0वी0 सैटों इत्यादि को dispose करने हेतु नीति बनाई है; यदि हां, तो प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ख) सरकार द्वारा इनसे होने वाले प्रदूषण से लोगों को जागरूक करने हेतु क्या पग उठाए हैं; ब्यौरा दें ?

----

## सौर ऊर्जा संयंत्र

***3209 श्री खूब राम(आनी) :**
**श्री अनिरूद्ध सिंह(कसुम्पटी) :**
**श्री वीरेन्द्र कंवर(कुटलैहड़) :**
**श्री पवन काजल(कांगड़ा) :**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि सरकार ने वर्तमान में सौर ऊर्जा पार्क/संयंत्र प्रदेश के हर जिले में स्थापित करने का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो प्रदेश के किस-किस जिले में यह स्थापित कर दिए गए हैं; और

(ग) शेष जिलों में यह संयंत्र कब तक स्थापित कर दिए जाएंगे?

----

## ग्राम रोजगार सेवक

***3210 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने ग्राम रोजगार सेवक पंचायतों में कार्यरत हैं; ब्यौरा पंचायतवार नाम-पते सहित दें; और

(ख) मनरेगा के कार्यों को देखने के लिए कितने GRS अपनी पंचायत में कार्य कर रहे हैं; ब्यौरा पंचायतवार दें ?

----

## बस अड्डा नाहन

***3211 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में बस अड्डा नाहन के Repair & Maintenance के लिए कितनी-कितनी धनराशि कब-कब जारी की गयी; ब्यौरा किए गए कार्य सहित दें; और

(ख) सरकार इसकी खस्ता हालत को देखते हुए क्या अतिरिक्त धन उपलब्ध कराने का विचार रखती है ?

----

## बस सेवा

***3212 श्री सुरेश कुमार(पच्छाद) :**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी नई बसें किस-किस रूट पर चलाई गई; ब्यौरा रूटवार दें; और

(ख) जिला सिरमौर को JNNURM के अन्तर्गत कितनी बसें दी गई तथा इनमें से कितनी बसें पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र को आबंटित की गई ?

----

## सेवा विस्तार

***3213 श्री विजय अग्निहोत्री(नदौन) :**
**श्री विनोद कुमार(नाचन) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2016 तक सरकार ने कितने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सेवा विस्तार या सेवानिवृत्ति उपरान्त पुनः रोजगार दिया; ब्यौरा विभागवार कर्मचारियों के नाम व पद सहित दें; और

(ख) सेवा विस्तार व सेवानिवृत्ति उपरान्त पुनः रोजगार देने के क्या मापदण्ड हैं?

----

## ठियोग-खड़ापत्थर-हाटकोटी-रोहडू सड़क

***3214 श्री मोहन लाल ब्राक्टा(रोहडू) :**
**श्री सुरेश भारद्वाज(शिमला) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में ठियोग-खड़ापत्थर-हाटकोटी-रोहडू निर्माणाधीन सड़क का कितना प्रतिशत कार्य हो चुका है;

(ख) इस सड़क के निर्माण हेतु क्या समय-सीमा निर्धारित की गई थी; और

(ग) इस सड़क का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण करने का प्रस्ताव है; ब्यौरा दें ?

----

## मजदूरी/सामग्री की अदायगी

***3215 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि गत तीन वर्षों से प्रदेश में मनरेगा के अंतर्गत मजदूरी और सामग्री की अदायगी अभी तक लंबित है; और

(ख) यदि हां, तो कितनी राशि अभी तक देय है; ब्यौरा विकास खण्डशः दें ?

----

## कार्य का आबंटन

***3216 श्री बम्बर ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि लोक निर्माण विभाग के नियमों में प्रावधान है कि एक ठेकेदार को एक समय में दो से ज्यादा कार्य अवार्ड नहीं किए जा सकते; और

(ख) यदि हां, तो लोक निर्माण मण्डल घुमारवीं के उप-मण्डल बरठी में एक ही ठेकेदार को 40 टैंडर गड्ढे (Potholes) भरने के दे दिए गए; अधिशासी अभियन्ता को क्या यह शक्ति प्राप्त है कि वह एक ठेकेदार को 40 कार्य अवार्ड कर सकते हैं; ब्यौरा दें ?

----

## न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता

***3217 श्री अजय महाजन (नूरपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) National Council for Teachers Education अधिनियम, 2014 के अन्तर्गत प्रदेश के शिक्षण संस्थानों में बी0एड0 कोर्स के लिए प्रिंसिपल तथा अन्य शिक्षकों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता क्या निर्धारित की गई है; और

(ख) हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा क्या अपने स्तर पर इन प्रावधानों में कोई संशोधन किया है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

----

## खण्ड स्त्रोत केन्द्र समन्वयकों की नियुक्ति

***3218 श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि दिनांक 14.01.2015 को प्रदेश में खण्ड स्त्रोत केन्द्र समन्वयकों (BRCC) के साक्षात्कार हुए थे;

(ख) यदि हां, तो प्रदेश में कितने पदों के लिए साक्षात्कार हुए और कहां-कहां खण्ड स्त्रोत केन्द्र समन्वयकों की नियुक्तियां की गई;

(ग) यह सत्य है कि जिला सिरमौर के कफोटा, शिलाई, बकरास, पांवटा, माजरा व नौहराधार में नए खण्ड स्त्रोत केन्द्र समन्वयकों को नियुक्तियां नहीं दी गई; यदि हां, तो कारण?

----

## सर्वेयर/इलैक्ट्रिशियन की पदोन्नति

***3219 श्री गोविन्द राम शर्मा (अर्की):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि लोक निर्माण विभाग के सिविल और इलैक्ट्रिकल विंग में कार्यरत सर्वेयर और इलैक्ट्रिशियनों ने विभाग की अनुमति से दूरस्थ शिक्षा प्रणाली द्वारा कनिष्ठ अभियन्ता का डिप्लोमा कर रखा है और उनका विभाग की वरिष्ठता सूची में नाम दर्ज भी है; और

(ख) सरकार क्या इन्हें वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति देने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## तारामण्डल का निर्माण

***3220 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने शिमला में तारामण्डल (Planetarium) स्थापित करने का निर्णय लिया है; और

(ख) यदि हां, तो इस हेतु किस स्थान का चयन किया गया तथा इसका निर्माण कार्य कब तक कर दिया जायेगा ?

----

## विद्युत मीटर बदलना

***3221 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश में कितने बिजली के उपभेक्ता हैं तथा गत तीन वर्षों में विद्युत बोर्ड द्वारा कितने विद्युत मीटर बदले गए;

(ख) यह सत्य है कि इन विद्युत मीटरों को बदलने के लिए प्रदेश स्तर, वृत्त स्तर या मण्डल स्तर पर निविदाएं आमंत्रित की गई थी; और

(ग) यदि हां, तो कौन-कौन सी कम्पनियों ने निविदा प्रक्रिया में भाग लिया; कौन-कौन सी कम्पनियों का L-1 (एल-वन) में चयन हुआ; ब्यौरा कम्पनियों के नाम व पते सहित दें?

----

## सड़क/पुल निर्माण

***3222 श्री किशोरी लाल(बैजनाथ) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत निम्न सड़कों का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जायेगाः-

(i)बीड़-बरोट सड़क;

(ii)बिल्लिंग बड़ाग्राम सड़क;

(iii)बरोट-लहारड़ी सड़क;

(iv)सराजड़ा से ततवाणी सड़क;

(v)संसाल से थाथी सड़क;

(vi)चोविन संसाई सड़क;

(vii)लघू जमरेला सड़क;

(viii)पपरोला से नागन लिंक सड़क;

(ix)उत्तराला-होली सड़क एवं

(x)डूहक कूणी से ढंडोंल बिनवा खड्ड पर पुल; ब्यौरा दें?

----

## राष्ट्रीय उच्च मार्ग

***3223 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि भारत सरकार के केन्द्रीय सड़क एवं भूतल मंत्रालय द्वारा पठानकोट-मण्डी राष्ट्रीय उच्च मार्ग को फोरलेन बनाने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है; और

(ख) यदि हां, तो ब्यौरा दें?

----

## Master Plan

*3224 **Sh. Krishan Lal Thakur(Nalagarh) :**
**Sh. Ram Kumar(Doon) :**

Will the **Industries Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is true that the Master Plan for BBN area has been finalised;

(b) whether it is also true that the permissible building height (storeys) has been increased; and

(c) if yes, what is the permissible storeys (building height) in Nalagarh, New Nalagarh, Baddi & other important locations ?

----

## बस सुविधा

*3225 **श्री यादविन्द्र गोमा (जयसिंहपुर):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में जयसिंहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी नई सड़कें बस सुविधा हेतु पास की गई; और

(ख) दिनांक 31.01.2016 तक कितनी सड़कों पर नई बसें चलाई गई; ब्यौरा दें?

----

## राजकीय उच्च विद्यालय

*3226 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर(मनाली) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि मनाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के हलाण-1 में राजकीय उच्च विद्यालय स्थित है जो निजी भवन में चल रहा है;

(ख) यदि हां, तो सरकार इस विद्यालय हेतु कब तक भवन बनाने का विचार रखती है; और

(ग) राजकीय उच्च विद्यालय डुगिलग हेतु नए भवन का निर्माण करने की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## कला/विज्ञान स्नातक

***3227 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने माध्यमिक पाठशालाओं में एक कला स्नातक या विज्ञान स्नातक अध्यापक नियुक्त करने का नीतिगत निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो इस निर्णय से क्या विद्यार्थियों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा;

(ग) सरकार क्या इन पाठशालाओं में दोनों प्रकार के अध्यापकों को नियुक्त करने पर पुनः विचार करेगी; और

(घ) जिला कुल्लू में एक ही प्रकार के अध्यापकों वाली कितनी पाठशालाएं हैं; ब्यौरा दें?

----

## Construction of Building

***3228 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that ITI Lachori in District Chamba is running in a private building;

(b) how many trades are being run in ITI Lachori; details be given; and

(c) what steps are being taken to construct a building for ITI Lachori and to increase the trades in this Institution?

----

## भवन निर्माण

***3229 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि राजकीय महाविद्यालय बलद्वाड़ा के भवन निर्माण हेतु भूमि का चयन कर लिया गया है;

(ख) यदि हां, तो किस स्थान पर तथा कितनी; और

(ग) सरकार इस महाविद्यालय के भवन का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ करने का विचार रखती है ?

----

## किसानों को मुआवजा

***3230 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में राष्ट्रीय उच्च मार्ग-22 के फोरलेन का कार्य किस स्थान पर किया जा रहा है तथा दिनांक 31.01.2016 तक कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें;

(ख) इस फोरलेन में कितने किसानों की निजी भूमि आई है; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार ने किसानों को कितनी मुआवजा राशि किस आधार पर व किस औसत से प्रदान की; ब्यौरा दें ?

----

## उद्‌घाटन हेतु अधिकृत

***3231 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) हिमाचल प्रदेश की सरकारी योजनाओं, भवनों, सड़कों, रास्तों आदि के उद्‌घाटन के लिए कौन-कौन व्यक्ति अधिकृत हैं; सरकार की Guidelines की प्रति सभा पटल पर रखे;

(ख) किसी राजनैतिक पार्टी के पदाधिकारी को क्या उद्‌घाटन करने का अधिकार है; यदि नहीं, तो प्रदेश में किन-किन स्थानों पर कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने विगत तीन वर्षों में उद्‌घाटन किये हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) नाहन ब्लॉक के मंद्‌ल्हन स्कूल का उद्‌घाटन क्या कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष द्वारा किया गया ?

----

## पंचायत सचिव/सहायक

***3232 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने पंचायत सचिव तथा पंचायत सहायक कार्यरत हैं; इनमें से कितने अनुबन्ध पर कार्यरत हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार कब तक इनको स्थायी नियुक्ति प्रदान करने का विचार रखती है?

----

## भवन का उपयोग

***3233 श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि ग्लोड़ शिक्षा खण्ड के अन्तर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला अमरोह को बन्द कर दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो कब; और

(ग) सरकार द्वारा वर्तमान में इस पाठशाला के भवन का क्या उपयोग किया जा रहा है; ब्यौरा दें ?

----

## पुलिस थाना की स्थापना

***3234 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में कितने नये पुलिस थाना (Police Stations) खोले गये; ब्यौरा जिलावार नाम सहित दें;

(ख) यह सत्य है कि सुन्दरनगर शहर में दो पुलिस थाना कार्यरत हैं; और

(ग) सरकार नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत धनोटू में खोले गये पुलिस सहायता कक्ष के स्थान पर पुलिस थाना खोलने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण ?

----

## परिवहन सेवा प्रदाता

***3235 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने परिवहन सेवा प्रदाता (TSP) पॉलिसी के अन्तर्गत कोई नीति बनाई है; यदि हां, तो कब; और

(ख) विभाग ने TSP को सुविधाएं प्रदान करने तथा इसके कार्यों को चलाने हेतु क्या पग उठाए हैं; ब्यौरा दें ?

----

## Tube Wells

***3236 Sh. Ajay Mahajan (Nurpur):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) during the last year upto 31.1.2016 how many tube wells were installed in Nurpur Sub-division by the Agriculture Department;

(b) how many of these are not functional; and

(c) what steps are being taken by the Department to make them functional?

----

## बटेड-सुल्ली सम्पर्क -मार्ग

***3237 श्री गोविन्द राम शर्मा (अर्की):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि दाड़लाघाट में स्थित बटेड गांव से सुल्ली गांव के लिए सम्पर्क -मार्ग क्षतिग्रस्त है और वर्षा का पानी सड़क में खड़ा हो जाता है जिस कारण जनता को असुविधा का सामना करना पड़ता है; और

(ख) यह भी सत्य है कि इस सम्पर्क -मार्ग की मरम्मत हेतु धनराशि Ambuja Cement Plant Darlaghat द्वारा उपलब्ध करवाई गई है; यदि हां, तो मरम्मत कार्य कब तक शुरू कर दिया जाएगा?

----

## भूतपूर्व सैनिकों की रिक्तियां

***3238 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों (Wards of Ex-Servicemen) हेतु TGT(Arts) बैकलॉग (Backlog) के कितने पद रिक्त हैं;

(ख) यह सत्य है कि सरकार ने इन रिक्त पदों को भरने हेतु परीक्षा का आयोजन किया था; और

(ग) यदि हां, तो उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को कब तक नियुक्ति पत्र प्रदान कर दिए जाएंगे?

----

**शिमला: 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांक: 19 मार्च, 2016 .** **सचिव।**